## सार-समाचार

### जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

**सीकर,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने राजस्थान संपर्क पोर्टल, मुख्यमंत्री जनसुनवाई, लाइट्स पोर्टल व ई-फाइलिंग पर लंबित प्रकरणों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, लू-तापघात से बचाव हेतु चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, खाद्य-बीज उपलब्धता, प्री-मानसून नाला सफाई, पशुओं के लिए पानी व दोपहर 12 बजे बाद मनरेगा श्रम न करवाने के निर्देश दिए। एडीएम रतन कुमार ने पानी की समस्या वाले क्षेत्रों में पेयजल टैंकर व्यवस्था, टीबी मुक्त अभियान की कार्ययोजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि शिविर (1-31 मई), विद्युत तारों की मरम्मत, भारत-पाकिस्तान तनाव के मध्य नजर अधिकारियों एवं कर्मचारी के मुख्यालय न छोड़ने व आरडीएसएस व कुसुम योजना में प्रगति के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने लाइट्स पोर्टल पर समयबद्ध अपडेट व विभिन्न आयोगों से संबंधित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया। बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, सहायक निदेशक इंदिरा शर्मा, सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया, अधीक्षण अभियंता विद्युत अरुण जोशी, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. दीपक अग्रवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### विचार गोष्ठी आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। महिला शिक्षा के जनक महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले को 11 मई 1888 को महात्मा की उपाधि मिलने की ऐतिहासिक स्मृति को चिरस्थाई बनाने व महात्मा फुले के विचारों को जनमानस तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर सेठों की कोठी से बैरास जाने वाले रास्ते पर निर्माणाधीन महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास प्रांगण में रविवार को विचार गोष्ठी आयोजित हुई। यह जानकारी देते हुए महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति के संयोजक सज्जन कुमार बबेरवाल ने बताया कि आयोजित विचार गोष्ठी की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया ने की । विचार गोष्ठी में महात्मा ज्योतिबा फुले के विचारों को जनमानस तक पहुंचाने, उनके बताए मार्ग पर चलने व उनके द्वारा समाज सुधार,शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की चर्चा परिचर्चा की गई। इस अवसर पर रामावतार सिंगोदिया, सज्जन कुमार बबेरवाल, झाबरमल सिंगोदिया,महेंद्र चुनवाल, एडवोकेट सत्यनारायण चुनवाल, रामस्वरूप पीटीआई विनोद गौड़, दीपक कटारिया बाबूलाल सैनी आदि ने विचार व्यक्त किए इस अवसर पर राहुल, मुकेश, उमेश, संदीप सहित समिति के पदाधिकारी सदस्य व छात्रावास के विधार्थी मौजूद थे।

### प्राकट्योत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**पाटन** (निसं)। बैसाख शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर डाबला रोड बस स्टैंड स्थित शिव मंदिर में श्री श्री 108 श्री गुरु गोरक्षनाथ महाराज का प्राकट्ययोत्सव दिवस बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें मुख्य रूप से शिवराम योगी कांथली, प्रहलाद योगी पाटन एवं प्रहलाद योगी जुगलपुरा ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम में दूर-दराज से पधारे संतों, पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं का पुष्प अर्पण कर स्वागत किया गया।गुरु गोरक्षनाथ जी की आरती के बाद सभी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए सीकर जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंह, नीमकाथाना तहसील अध्यक्ष लालचंद योगी, बनवारी नाथ भूदोली, पूर्व सरपंच प्रहलाद योगी, शिवराम योगी और डॉ. लालचंद मोयल ने गुरु परंपरा की महत्ता और सामाजिक एकता पर प्रकाश डाला।इस मौके पर विक्रम रामपुरा, सुरेश योगी नीमोद, दाताराम कांथली, राजपाल, हरीराम, सुरेश योगी पाटन, लालचंद कुंडाला, रिंकु योगी, नवरंग, बजरंग लाल कुंडाला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम में भक्तों की भारी भीड उमडी और वातावरण 'जय गुरु देव' के जयकारों से गूंज उठा। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं और समिति सदस्यों ने विशेष भूमिका निभाई।

### अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर कार्यक्रम

**झुंझुनूं,** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस पर सीकेआरडी मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज ढिगाल में फलोरेंस नाइट ऐंगल के जन्म दिवस को अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के रूप में केक काटकर मनाया। इस अवसर पर कॉलेज निदेशक डॉ. लालचंद ढाका, अध्यक्षा डॉ. संतोष ढाका, प्रशासनिक अधिकारी दयाराम नेहरा व सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे। कॉलेज निदेशक डॉ. लालचंद ढाका ने नव आगंतुक विद्यार्थियों से प्रार्थना करवाई और लेडी विद लैंप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों को फलोरेंस नाइट ऐंगल द्वारा एक नर्स के रूप में निस्वार्थ की गई मानव सेवा को अपने आचरण में उतारने की शपथ भी दिलवाई तथा सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रशासनिक अधिकारी दयाराम नेहरा ने बताया कि तृतीय सेमेस्टर द्वारा प्रथम सेमेस्टर के लिए दी गई। जिसमें मिस्टर फ्रेशर हर्षसिंह शेखावत व मिस फ्रेशर अंकिता मील को चुना गया। फ्रेशर पार्टी शानदार आयोजन व रंगारंग प्रस्तुतियों के लिए सभी विधार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। पार्टी का समापन नेशनल ऐंथम से हुआ।

### मातृ दिवस मनाया

**सीकर** (निसं)। सीकर की सेवार्थ फाउंडेशन की टीम द्वारा सावली सर्किल में बालिकाओं माताओं के साथ मातृत्व दिवस को मनाया। संस्था की जिला सहसंयोजक करिश्मा शर्मा ने बताया कि 11 मई को दुनियाभर में मदर्स डे मनाया जाता है. ऐसे में जिन माताओं ने बचपन से हमें अपना सब कुछ देकर बड़ा किया, उनके लिए प्यार और देखभाल जताने का यह एक शानदार दिन है. मां-यर एक ऐसा शब्द है, जिसमें पूरी दुनिया प्यार, ममता, त्याग और बलिदान समाया हुआ है। इसी मातृत्व की महानता को सम्मानित करने और मां के प्रति अपने प्रेम-कृतज्ञता दिखाने के लिए हर साल मदर्स डे का दिन मनाया जाता है। इसी के तहत बालिकाओं के लिए सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता रखी गई इसी के साथ केक काटा और इस दिन को एंजॉय किया । इस दौरान करिश्मा शर्मा, सुधा सोनी, पूजा सोनी, अलका सोनी, नीलम शेखावत, सुनीता सोनू, रिया, तनिष्का शर्मा, नव्या, चितरा, गुनगुन, श्रीवरा उपस्थित रही

### जागरूकता बैठक आयोजित

**तारानगर** (निसं)। महिलाओं के अधिकार को लेकर तारानगर के वार्ड 09 में जागरूकता बैठक रखी गयी जिसमें महिलाओं को घरेलू हिंसा व अन्य समसामयिक महिला शौषण के प्रति जागरूक किया गया व उन्हें सुलभ समाधान खोजने के लिए सहायता उपलब्ध करवाने हेतु हेल्प डेस्क व टोल फ्री नंबर 181 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही केंद्र व राज्य सरकार कि विभिन्न महिला सशक्तिकरण कि योजनाओं के बारे में पालिका ईओ अजय प्रताप सिंह के निर्देशन में बताया गया। बैठक में फायरमैन नितेश उपाध्याय व सीओ अर्जुनसिंह राजपुरोहित, पुलिस थाना से हैड कॉंस्टेबल हरिदान चारण, सुभाषचन्द्र, मुन्नी कुमारी, सुलोचना, प्रीति वर्मा, कलावती, अभिमन्यु सिंह, शमेष्ठा देवी सहित स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

### आयोजित रक्तदान शिविर आयोजित

**सीकर** (निसं)। अंतराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर श्री कल्याण मेडिकल कॉलेज सीकर मे आज भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर से प्रेरणा लेकर सेना के जरुरतमंद जवानो व घायलों हेतु ब्लड डोनेशन कैंप रखा,गया साथ ही नर्सिंग दिवस पर बालाजी महाराज की सवामणी का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम मे धोद विधायक गोरधन वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड, कॉलेज प्रिंसिपल अशोक चौधरी ने शिरकत की।

### एथेलेटिक प्रतियोगिता कल

**पिलानी,** (निसं)। झुंझुनूं जिला एथलेटिक संघ के सचिव नरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि सीनियर स्टेट एथेलेटिक्स चैंपियनशिप अजमेर के लिए झुंझुनूं जिले के एथलीट्स का चयन बुधवार व गुरुवार 14 व 15 मई को शाम 4:30 बजे से सात बजे तक एनएस एकेडमी खेल मैदान कोर्ट रोड पिलानी में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में छोटी, मध्यम व लंबी दूरी की दौड़, थ्रो व जंप के इवेंट के बाद होगा। चयनित एथलीट अजमेर में 22 व 23 जून 2025 को होने वाली राज्य स्तरीय एथेलेटिक चैंपियनशिप में झुंझुनूं जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण

**झुंझुनूं,** (निसं)। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने सोमवार को दो चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण का किया। हीट वेव और क्लाइमेट चेंज के तहत की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। साथ ही मौसमी बीमारियों के संबंध में की जाने वाली तैयारियों का भी जायजा लिया। उन्होंने दोनों संस्थानों उपलब्ध दवाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने 30 पल्स आयु वर्ग के लोगों की एनसीडी रोगों की स्क्रीनिंग कर रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने हॉस्पिटल की डेली चेक लिस्ट भरकर कमियों में सुधार के निर्देश दिए।

# 'राजलदेसर कस्बे को इस बार बरसाती पानी से डूबने नहीं दिया जाएगा'

- गैनाणी की खुदाई के लिए नगर पालिका ने निकाला 25 लाख का टेंडर
- पंप हाउस के पास एक मोटर और लगाई जाएगी



उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने राजलदेसर कस्बे की विशेष मॉनिटरिंग की।

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कस्बे में बरसाती पानी की निकासी की समस्या से हर बार कस्बेवासियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। लेकिन इस बार मानसून से पूर्व राजलदेसर में दो-तीन बार पंप हाउस खराब होने के बाद रतनगढ़ उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा लगातार दो बार गैनाणी का निरीक्षण कर चुके हैं एवं नगर पालिका को मानसून से पूर्व पूरी तरह से अलर्ट रहने को कहा है।

उन्होंने कहा इस बार राजलदेसर कस्बे वासियों को बारिश के समय डूबने नहीं दिया जाएगा साथ ही उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा लगातार राजलदेसर कस्बे की विशेष मॉनिटरिंग कर रहे हैं वही नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कुंदन देथा ने बताया 25 लाख रुपए गैनाणी की खुदाई के लिए टेंडर निकाल दिया गया है। आज टेंडर खोल दिए जाएंगे। अति शीघ्र संबंधित ठेकेदार को वर्क आर्डर जारी करके काम शुरू करवा दिया जाएगा। इसके अलावा गैनाणी पंप हाउस में एक 60 एचपी की मोटर और लगा दी जाएगी। अगर एक मोटर खराब हो जाए तो दूसरी मोटर सुचारू रूप से चल सके। इसके अलावा कस्बे में गंदे पानी के नालों की सफाई का कार्य भी अति शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित जमादारों को पाबंद कर दिया जाएगा एवं जहां-जहां बरसाती पानी इकट्ठा होता है वहां पर अस्थाई तौर पर पंप सेट लगा दिए जाएंगे। ज्ञात रहे हैं करीबन 2 वर्ष पूर्व नगर पालिका ने गैनाणी की 30 लाख रुपए से अधिक राशि की खुदाई करवाई थी लेकिन माफ़ दंड के अनुसार खुदाई नहीं होने के कारण वर्तमान में गैनाणी में पूरी तरह से कीचड़ ही कीचड़ से भरी हुई है जिसके कारण पंप हाउस तक पानी पहुंचना बहुत मुश्किल हो रहा है।

इससे पूर्व भी जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी ने भी निरीक्षण किया लेकिन समाधान नहीं हुआ। वर्तमान जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा बारिश से पूर्व कस्बे में पानी की निकासी की समस्या कस्बे वासियों को नहीं उठाना पड़े इसके लिए उन्होंने लगातार मीटिंगों के माध्यम से अधिकारियों को अलर्ट किया जा रहा है। इसके अलावा उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा ने कहा कि गैनाणी की खुदाई के समय कस्बे वासी अलर्ट रहे हैं साथ ही अगर कहीं भी गड़बड़ दिखाई दे तो मेरे को तुरंत सूचना देकर अवगत करवाए।

# बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक बैठक आयोजित

**सीकर** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक बैठक आयोजित हुई, जिसमें उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने जिला बाल संरक्षण इकाई की त्रैमासिक बैठक में पूर्व में दिए गए दिशा-निर्देशों की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि जिले में बाल श्रम के संबंध में श्रम विभाग आवश्यक कार्यवाही करें तथा बालश्रम से मुक्त करवाए गए बच्चों की काउंसलिंग कर उन्हें विद्यालयों में प्रवेश दिलवाया जाए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक महारिया को निर्देश दिये कि जिला, ब्लॉक स्तर के राजकीय चिकित्सालयों में अनाथ बच्चों को छोड़ने के लिए कहां-कहां पर पालना गृह स्थापित है, उसकी विस्तृत सूचना भिजवायें।

उन्होंने शिक्षा विभाग को समस्त विद्यालयों में चाईल्ड राईट क्लब, प्रहरी क्लब के गठन के साथ ही नियमित बैठक आयोजित करने,ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर देख-रेख एवं संरक्षण की आवश्यकताओं वाले अनाथ, जरूरतमंद बच्चों को चिन्हित कर विभाग की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने तथा ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर शिक्षा से वंचित बालकों का सर्वे करवाने के निर्देश दिये।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने महिला एवं बाल विकास विभाग को कुपोषित बालकों की आंगनबाडी कार्यकार्ताओं के माध्यम से अनाथ, उपेक्षित बालक-बालिकाओं की सूचना प्राप्त करने, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को विभाग द्वारा बाल संरक्षण के क्षेत्र में पालनहार योजना से लाभान्वित करने, जिला परिवहन अधिकारी को बालवाहिनियों में निर्धारित संख्या से अधिक छात्र-छात्राओं के परिवहन करने पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समस्त विभागीय अधिकारी बैठक की अनुपालना रिपोर्ट बैठक से पूर्व भिजवाना सुनिश्चित करें, ताकि प्रगति की समीक्षा की जा सके।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बाल नशा मुक्ति बैठक की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि वे समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, पीईईओ को निर्देशित करें कि निजी व राजकीय शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर के दायरे में कोई भी नशा पदार्थ तम्बाकू, गुटका, सिगरेट इत्यादि की बिक्री नहीं हो, इसके लिए जिला स्तर पर ,ब्लॉक स्तर पर एक नोडल अधिकारी, पीईईओ स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करना सुनिश्चित करें।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि शिक्षण संस्थानों के 200 मीटर की परिधि में संचालित शराब ठेकों के संबंध में आबकारी विभाग जांच कर ठोस कार्यवाही करें। इस दौरान बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई डॉ.गार्गी शर्मा, जिला बाल संरक्षण समिति अध्यक्ष अंकुर बहड़, सदस्य बिहारी लाल बालान, उप निदेशक आईसीडीएस सुमन पारीक, समन्वयक चाइल्डलाइन राहुल दानोदिया सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मदर्स डे पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। स्थानीय बगड़िया बाल विद्या निकेतन में मातृ दिवस समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। नर्सरी से कक्षा 5 तक के प्राथमिक विभाग में मदर्स डे का एक खास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम के अतिथि के रूप में अनु शर्मा राजस्थान प्रशासनिक अधिकारी पर्यटन विभाग, डॉ मेहा पारीक स्त्री रोग विशेषज्ञ, जिला परियोजना प्रबंधक अर्चना मौर्य, डॉ ए के पांडे ट्रस्टी बगड़िया बाल विद्या निकेतन के सचिव पवन गोयनका, बगड़िया बी.एड. कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर नरेश दाधीच, निकेतन प्राचार्य विपिन शर्मा, बगडिया एकेडमिक इंचार्ज डॉक्टर अर्चना पुरोहित, मोंटेसरी इंचार्ज निधि जोशी मंचासीन थे।

प्रारम्भ में मंचस्थ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के आवक्ष के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी माँ के प्रति स्नेह एवं धन्यवाद स्वरूप सुंदर नृत्य प्रस्तुत किये। जिया जोशी और हृदय जोशी ने और शकुन जोशी ने कविताएं प्रस्तुत की।कार्यक्रम में माताओं व बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के खेल एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ममता जांगिड व पुत्री ऋशु जांगिड द्वितीय स्थान ललिता माली व पुत्र अरनव माली, तृतीय स्थान नीतू शर्मा व पुत्री निवी शर्मा जबकि खेलकूद प्रतियोगिता में खट्टा मीठा प्रतियोगिता में अनु सैनी, गांठ खोल प्रतियोगिता में आरती बजाज, मैक्रोनी माला प्रतियोगिता में ममता जांगिड रही। जबकि लकी ड्रॉ की विजेता श्रीमती सुमन कुमावत को सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। शारीरिक शिक्षक विमल पारीक के सानिध्य में विद्यालय के छात्र छात्रों द्वारा मलखम्म की शानदार प्रस्तुति की गई।

## झुंझुनूं और खेतड़ी जेलों का निरीक्षण किया

- कारागृह के बंदियों का समय-समय पर स्वास्थ्य परिक्षण करने के लिए निर्देश प्रदान किए

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ. महेंद्र केएस सोलंकी द्वारा जिला कारागृह झुंझुनूं का साप्ताहिक निरीक्षण एवं उप कारागृह खेतड़ी का मासिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण के सचिव डॉ महेन्द्र सर्वप्रथम जेल में बंद सजायाफ्ता बंदियों, अंडर ट्रायल बंदियों की संख्या, जेल की क्षमता की जानकारी उपाधीक्षक जिला कारागृह झुंझुनूं से प्राप्त की गई। इसके उपरांत निरीक्षण के दौरान जेल की साफ-सफाई देखी गई तथा विजिटर रूम, रसोई घर, गलियारा आदि की स्थिति व साफ-सफाई की भी जांच की गई। बंदियों को प्रदान की जाने वाली मेडिकल सुविधा, दवाईयों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा कारागृह के बंदियों का समय-समय पर स्वास्थ्य परिक्षण करने के लिए निर्देश प्रदान किए गए। सचिव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों से वार्तालाप कर उन्हें प्रदान की जानी वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी प्रदान कर बंदियों के लिए तैयार किए गए खाने का निरीक्षण किया गया। इसी के साथ माननीय रालसा विधिक सेवा प्राधिकरण के विभिन्न आयाम जैसे विधिक सहायता, पीडित प्रतिकर स्कीम, नालसा द्वारा जारी दस कल्याणकारी स्कीम, रालसा द्वारा बंदीजन के लिए जारी कल्याणकारी स्कीम, महिलाओं एवं बच्चों के लिए जारी विभिन्न स्कीमों की जानकारी दी तथा न्याय सबके लिए की अवधारणा पर वर्तमान में पैपरलेस सहायता जैसे कि ऑनलाईन नालसा वेब पॉर्टल आदि की भी जानकारी प्रदान की।

# चार दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम शुरू



बिरला पब्लिक स्कूल पिरानी के विजय सभागार में चार दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ पधारे हुए समस्त अभ्यगतों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।

**पिलानी,** (निसं)। बिरला पब्लिक स्कूल पिरानी के विजय सभागार में सोमवार से बिरला एजुकेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में चार दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ पधारे हुए समस्त अभ्यगतों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इससे पहले बिरला एजुकेशन ट्रस्ट के निदेशक मेजर जनरल एसएस नायर अति विशिष्ट सेवा मेडल ने पुष्प गुच्छ भेंटकर मुख्य अभ्यागत वक्ता प्रोफेसर सुधीर कुमार बोरई निदेशक बिट्स पिलानी का स्वागत किया।

तत्पश्चात निदेशक ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। अचला वर्मा प्राचार्या बिरला बालिका विद्यापीठ ने मुख्य अभ्यागत वक्ता प्रोफेसर सुधीर कुमार बोरई का परिचय दिया। मुख्य वक्ता ने उच्च शिक्षा में छात्रों के कौशल आधारित शिक्षा के संदर्भ की तैयारी में विद्यालयों के योगदान विषय पर चर्चा की।

अपने चर्चा के दौरान मुख्य वक्ता ने बिट्स पिलानी तथा बिट्स के अन्य केंद्रों यथा बिट्स दुबई, बिट्स गोवा, बिट्स हैदराबाद और बिट्स मुंबई के बारे में संक्षिप्त रूप से बताते हुए उच्च शिक्षा में कौशल आधारित उच्च शिक्षा के निर्माण के चार प्रमुख स्तंभों यथा शिक्षा, व्यावसायिक उपलब्धता, एंटरप्रेन्योरशिप एवं रोजगार बारे मे विस्तार से चर्चा करते हुए इस प्रयोजन में विद्यालयों के महत्ती योगदान के संदर्भ में कुछ सुझाव देते हुए चर्चा की।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में बीके अदिति सिंघल ने शिक्षा के क्षेत्र में आध्यात्मिकता का महत्व विषय पर चर्चा करते हुए यह स्पष्ट किया कि आजकल विद्यालय और अभिभावक दोनों केवल अंकों की बढ़ोतरी की बात करते हैं। किंतु शिक्षा परीक्षा में प्राप्त अंक नहीं है। अपितु शिक्षा है जीवन के मूल्य और स्वयं को समझने की प्रक्रिया। बिरला एजुकेशन ट्रस्ट के पब्लिक रिलेशन ऑफिसर डॉ. मनोज जांगिड ने बताया कि प्रथम दिन के सभी कार्यक्रम विजय सभागार बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी में संपन्न हुए।

अन्य आगामी तीन दिनों में बिरला शिक्षण न्यास के सभी विद्यालयों के विभिन्न केंद्रों पर उत्कृष्टता केंद्र सीबीएसई द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों के शिक्षक विभिन्न समूहों में भाग लेंगे। प्रथम दिवस के कार्यक्रम में उप निदेशक वित्त घनश्याम ह गौड, धीरेंद्रसिंह प्राचार्य बिरला स्कूल पिलानी, सौरभ गुहा प्राचार्य बिरला पब्लिक स्कूल किशनगढ़, पवन वशिष्ठ प्राचार्य बिरला शिशु विहार पिलानी तथा डॉ. नितेश कुमार सिंह प्राचार्य बिरला पब्लिक स्कूल गंगानगर एवं सभी विद्यालयों के सभी शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन वर्षा रत्ता ने किया।

## सार-समाचार

### नेत्र चिकित्सा परामर्श शिविर 18 को

**झुंझुनूं,** (निसं)। स्वर्गीय सत्यनारायण रूंगटा की पुण्य स्मृति में ललित रुंगटा ग्रुप नासिक के सौजन्य से रूंगटा परिवार द्वारा बहुउद्देशीय मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान नूआंवाला ने बताया कि 18 मई 2025 रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक आरोग्य अस्पताल डॉक्टर टीपू जी का हॉस्पिटल गायत्री मंदिर के पास होगा शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 13 विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। इनमें नेत्र चिकित्सा शेखावाटी के सुप्रसिद्ध डॉक्टर्स टीम, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण व घूटना रोग विशेषज्ञ, यूरोलॉजिस्ट पेशाब की बीमारियों के विशेषज्ञ, न्यूरोलॉजिस्ट नसों की बीमारियों के विशेषज्ञ, गायनो महिला रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, दमा श्वांस व अस्थमा रोग विशेषज्ञ, क्षय टीबी रोग विशेषज्ञ, सीनियर फिजिशियन व अन्य डॉक्टर्स भी अपनी सेवाएं देंगे। जिनमें प्रमुख संस्थानों में कार्यरत विशेषज्ञ सीनियर्स डॉक्टर भी शामिल हैं। बीमारियों से संबंधित परामर्श और जांच, और दवाइयों की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। शिविर की तैयारियों को लेकर एक बैठक हुई। जालान ने बताया कि शिविर के संदर्भ में मंड्रेला गायत्री मंदिर परिसर में मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में श्यामसुंदर जालान, रमेश कुमार तुलस्यान, पंकज कुमार रूंगटा, सुरेंद्र कुमार लाठ, सुशील कुमार रूंगटा, गौरव मित्तल, महेंद्र कुमार रूंगटा, डॉ. विधान टी रावल, भगवतीप्रसाद तुलस्यान, डॉ. बीके शर्मा, महेश कुमार लाठ एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक व अग्रवाल समाज के प्रबुद्धजन काफी संख्या में उपस्थित रहे शिविर को सफल बनाने के लिए अलग-अलग टीम बनाकर जिम्मेदारियां सौंपी गई।

### कांग्रेस की गोठड़ा मंडल की बैठक आयोजित

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के गोठडा स्थित कांग्रेस कार्यालय में सोमवार शाम को गोठडा मंडल स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खेतडी विधान सभा प्रभारी प्रवीण जाखड थे। अध्यक्षता खेतडी प्रधान मनीषा गुर्जर ने की। विधान सभा प्रभारी प्रवीण जाखड ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को जो कार्यकर्ता मजबूती प्रदान करेगा वहीं पार्टी का सच्चा साथी होगा, जो पार्टी का नहीं वह किसी का नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं को मजबूत करना ही मंडल स्तरीय बैठक करने का मुख्य उदेश्य है। कार्यकर्ता घर घर जाकर पार्टी की उपयोगिता के बारे में लोगों को जागृत करना होगा। पार्टी को आगे तक ले जाने वाले ही कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दि जाएंगी। प्रधान मनीषा गुर्जर ने कहा कि हर मंडल की बैठक के बाद मंडल अध्यक्षों के नाम ऊपर भेजे जाएंगे। मंडल अध्यक्षों का चयन कार्यकर्ताओं के बीच से किया जाएगा। हर बूथ पर कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। सभी को मिलकर वर्तमान सरकार के खिलाफ मजबूती से लड़ना होगा। इस मौके पर शमशेर चौधरी, प्रभु दयाल गुर्जर, समाज सेवी जुगल किशोर सैनी, नासीर हुसैन, रमेश पांडे, शीशराम गुर्जर, रामेश्वर लाल गुर्जर, मनोज श्योराण, विक्रम गुर्जर, नरेश कुमार, शीशराम भगासरा, कृपाल बलोदा, दयानंद लांबा, प्रकाश भरगड, रामजीलाल डोई, राजेश नारवाल, श्रीचंद शर्मा, वासुदेव आदि मौजूद थे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से नीलगाय घायल

**सादुलपुर,** (निसं)। एनएच 52 राजगढ़ में चुरू बाईपास पर खेमाणा रोड़ के पास एक नीलगाय को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। सोमवार शाम 5 बजे दी जानकारी के अनुसार वहां से गुजर रहे करणीसिंह ने घायल मादा नीलगाय को देखकर राजस्थान पत्रिका संवाददाता श्री भंवर सिंह ने वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही संस्था-वाईल्डलाईफ इन नेचर एंड ग्रीन सोशल ट्रस्ट विंग्स के अध्यक्ष सुमेर सिंह गुलपुरा को दी। जिन्होंने मौके पर टीम के साथ पहुंचकर घायल चौटिल नीलगाय को वन विभाग राजगढ के सहयोग से रेस्क्यू कर वाहन द्वारा उपचार हेतु राजकीय पशु चिकित्सालय पहुंचाया। क्षेत्रीय वन अधिकारी शंकरलाल स्वामी ने बताया कि मादा नीलगाय गर्भवती लगती है और इसकी हालत अब ठीक है। सुमेर सिंह गुलपुरा ने बताया कि समय पर सूचना मिलने से नीलगाय को बचाया जा सका है। इन कार्य में वन विभाग कर्मचारी राजू मीना कैटल गार्ड, विजेन्द्र कुमार, करणी सिंह, विजय सिंह, शंकरलाल ने सहयोग किया।

### अपना घर की बैठक आयोजित

**रतनगढ़** (निसं)। अपना घर (वृद्धाश्रम आश्रम) ट्रस्ट की साधारण बैठक रविवार को अपना घर परिसर में रखी गई। जिसमें उपस्थित भामाशाहो ने नर सेवा नारायण सेवा कि कहावत को चरितार्थ करते हुए मुक्त हस्त से अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर बनवारी लाल रिणवा, सुरेश सेवदा, देवेंद्र यादव, प्रदीप दिलीप भरतिया, किशोर बिजारणिया, ओम गोदारा, मोतीलाल तातेड, सुरेंद्र हुड्डा आदि उपस्थित गणमान्य नागरिको ने अपना सहयोग प्रदान करने की स्वीकृति प्रदान की। ट्रस्ट की ओर से प्रमुख ट्रस्टी वी.पी. गोयल ने सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ वेदप्रकाश पुरोहित अनूप जोशी, सीताराम शर्मा, डॉ अरविंद्र, डॉ गोपालदत शर्मा, महावीर रामगढ़िया, दीनदयाल खेतान, प्रताप बोथरा, श्याम सुंदर जोशी, रमेश कुमावत, त्र्यंबक शर्मा, नरेंद्र झंवर, किशन सराफ, भंवरलाल सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### भागवत कथा का शुभारंभ कल से

**रतनगढ़** (निसं)। तहसील के गांव लुंछ के कालका माताजी मंदिर प्रांगण में कालका माता सेवा समिति एवं भक्तजन द्वारा आयोजित संगीतमय श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 14 से 20 मई तक होगा। श्री श्री 108 श्रीमती गीता देवी की 5वी पुण्य तिथि के उपलक्ष में आयोजित कथा का व्यासपीठ पर संत संजय महाराज के श्रीमुख से कथा का रसास्वादन कराया जाएगा। कथा का समय सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। इसी क्रम में 14 मई को प्रात: 9 बजे ठाकुर जी मंदिर से कालका माता मंदिर तक मंगल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ ही 21 मई को सुबह 9 बजे से हवन और प्रसाद का आयोजन किया जायेगा। कथा की अंतिम तैयारियों में ग्रामवासी लगे हुए है।

### हल्की बरसात हुई

**बीदासर** (निसं) कस्बे में रविवार की रात्रि में धुल भरी आंधी के बाद तेज हवा के साथ लगभग 15 मिनट तक हल्की बरसात हुई। जिससे कस्बे के मुख्य मार्गों पर बरसाती पानी बहने लगा। मामुली बरसात में ही कस्बे के नाले व नालियों की सफाई नही होने से गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा। जिससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं पालिका प्रशासन की सफाई व्यवस्था की पोल खुलकर सामने आ गई। बरसात से मौसम में ठंडक घुल गई तथा बरसात से मौसम सुहावना होने से नगरवासियों को गर्मी से राहत मिली। वही आंधी व बरसात के चलते कस्बे की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई। जो बरसात रूकने के बाद आधें घंटे बाद बहाल हुई।

## एकल नृत्य में पूजा सैनी व सचिन प्रथम

**झुंझुनूं,** (निसं)। वर्षा टीटी कॉलेज में चल रहे सांस्कृतिक सप्ताह के दौरान सोमवार को एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित हुई। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के बीएड प्रशिक्षुओं ने एकल नृत्य पर अपनी प्रस्तुतियां दी। प्रवक्ता सुमन झाझडिया ने बताया कि एकल नृत्य में छात्रा वर्ग में पूजा सैनी प्रथम, निकिता द्वितीय और सुनीता गुर्जर तीसरे स्थान पर रही। तो वहीं छात्र वर्ग में सचिन चावला प्रथम और प्रकाशचंद्र द्वितीय स्थान पर रहें। पूजा नायक व अंजू ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य व बीएड प्रशिक्षु मौजूद रहे।


प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकद्दमा नम्बर 54/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री विशाल महला पुत्र श्री भागीरथ सिंह महला, बी-6, जमनापुरी, मुरलीपुरा, जयपुर राजस्थान-302039 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत अखिल भारतीय निजी संस्थान फेडरेशन बी-5 तोदी नगर, जिला स्टेडियम के पास, सांवली रोड, तहसील व जिला सीकर-332001 के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।

अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 08.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइंदा तारीख पेशी 14.07.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर